# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–09 जुलाई 2026 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बांदा में सात सौ दस करोड़ रूपये से अधिक की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज बुन्देलखण्ड उत्कृष्ट कनेक्टिविटी से जुड़कर विकास की नई ऊचाईयों को प्राप्त कर रहा है।

**हम लोग हर एक्सप्रेस–वे पर, हर जनपद में इंडस्ट्रियल क्लस्टर के निर्माण के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं। एक वृहद क्लस्टर का कार्यक्रम और बुंदेलखंड को तो हम यूपी का सबसे बड़ा औद्योगिक शहर देने जा रहे हैं, 'बीडा' के रूप में देने जा रहे हैं। आने वाले समय में हमारे बुंदेलखंड के नौजवानों को पलायन नहीं करना पड़ेगा, बल्कि देश और दुनिया के लोग और नौजवान बुंदेलखंड में नौकरी मांगने के लिए आएंगे और बुंदेलखंड को ऐसा भव्य और दिव्य बुंदेलखंड के रूप में हमें स्थापित करना है।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र, स्वीकृति पत्र, चेक, आयुष्मान एवं मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड, आवास की चाबी और टूल किट भी वितरित किए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज चित्रकूट में कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा की। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री कामतानाथ और प्रभु श्री राम से प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि तथा कल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों के साथ आत्मीय संवाद भी किया।

**********

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गठित संयुक्त संसदीय समिति कल से पन्द्रह जुलाई तक लखनऊ का दौरा करेगी।

**इस अध्ययन दौरे का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना तथा विभिन्न हित धारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श करना है। पीपी चौधरी की अध्यक्षता में गठित संयुक्त संसदीय समिति इस अध्ययन दौरे के दौरान उच्च संवैधानिक पदाधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों, राज्य प्रशासन, वित्तीय एवं शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षाविदों, राज्य बार परिषदों, संबंधित उच्च न्यायालयों के अधिवक्ता संघों, विभिन्न पेशेवर संगठनों तथा नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करेगी। समिति के अध्ययन दौरे में विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक और सार्थक विचार–विमर्श होने की अपेक्षा है। आकाशवाणी लखनऊ से मुमताज अली की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा कि वाराणसी हवाई अड्डे के नए टर्मिनल पर देश का पहला छह लेन वाला अंडरपास बनाया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने बताया कि चार सौ पचास मीटर लंबा यह अंडरपास देश की अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। वहां ऊपर विमानों के संचालन के दौरान नीचे सड़क यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा।

**********

प्रदेश सरकार की ओर से राज्य में शिक्षकों और गैर–शिक्षण कर्मचारियों के लिए नकदी रहित स्वास्थ्य योजना शुरू हो चुकी है। इस संबंध में प्रस्तुत है आकाशवाणी संवाददाता की एक विशेष रिपोर्ट–

**योजना के तहत, राज्य भर के शिक्षकों और उनके परिवारों को 5 लाख रुपये तक की कैशलैस चिकित्सा सुविधा मिलेगी। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े लगभग 15 लाख शिक्षक और गैर–शिक्षण कर्मचारी इस योजना से लाभान्वित होंगे। नियमित शिक्षकों के अलावा, इस योजना से शिक्षा मित्रों, प्रशिक्षकों, रसोइयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के पात्र कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। शिक्षकों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा कवर करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के लिए ये व्यापक सामाजिक सुरक्षा और बीमा कार्यक्रम देश में अपनी तरह की पहली पहल है। इस योजना के तहत 10,000 रूपए से ज्यादा मासिक वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों को 30 लाख रुपये से 80 लाख रुपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर मिलेगा। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में ग्यारह जुलाई तक भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक प्रदेश के पूर्वी जिलों में इस अवधि में लगभग सभी स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस बीच, गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज भी दिन में रुक–रुक कर बूंदाबांदी का क्रम जारी रहा। वहीं चंदौली, चित्रकूट और अयोध्या सहित कई जिलों में बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

**********